मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-364
12/10/2019

# डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि आदर और श्रद्धा के साथ मनाई गई

पटना, 12 अक्टूबर 2019 :– समाजवादी आंदोलन के प्रणेता डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि आज आदर और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

राजकीय पुण्यतिथि समारोह का आयोजन कंकड़बाग स्थित लोहिया उद्यान, लोहिया नगर, पटना में किया गया, जहाँ राज्यपाल श्री फागू चौहान, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, पूर्व महासचिव बिहार राज्य नागरिक परिषद श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा भी स्व0 डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं देश भक्ति गीतों का गायन किया गया।

******